(a) whether any Writ petition (PIL) has been filed in Delhi High Court by Lalit Kala Academy Wrokers Union regarding alleged corruption charges against the present management of Lalit Kala Academy deputed by Government after the take over; and

(b) if so, what is its present status?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DR. MURLI MANOHAR JOSHI): (a) The petition filed by the Lalit Kala Academy Workers Union seeks the directions of the High Court on the following issues:

1. to strike down the Lalit Kala Academy, (Taking over of Management) Act, 1997,
2. to quash the appointment of the administrator appointed under the Act, and
3. to appoint a retired judge or an independent investigative agency to investigate and inquire into the role and conduct of the administrator.

(b) The Hon'ble High Court has directed the Union of India to file a brief affidavit placing on record facts about the working of the Academy after its take over under the Lalit Kala Academy Take Over of Management Act, 1997 before considering issuing notice to it.

अजमेर से मेर्टा शहर और पुष्कर के लिए नई रेल लाइनें

2285. **श्री ओंकार सिंह लखावत:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वर्ष 1998-99 के बजट में अजमेर से मेर्टा शहर और अजमेर से पुष्कर के लिए नई रेल लाइनों के सर्वेक्षण कार्य तथा इस उद्देश्य के लिए धनराशि मंजूर कर दी गई थी; और

(ख) क्या रेलवे द्वारा उक्त मार्गों पर सर्वेक्षण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, यदि हां, तो यह कार्य किस सीमा तक पूरा हो गया है और शेष कार्य कब तक पूरा कर लिया जाएगा?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नाम नाईक): (क) जी हां। 3.73 लाख रुपये की लागत पर।

(ख) सर्वेक्षण पहले ही प्रगति पर है तथा 30,06,1999 तक पूरा हो जाने की संभावना है।

रेलवे द्वारा ढोए जाने वाले सामान की मदें

2286 **श्री कपिल सिब्बल:**
श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि रेलवे द्वारा ढोए जाने वाले सामान की प्रमुख मदों की पहचान कर ली गई है;

(ख) यदि हां, तो वे कौन-कौन सी मदें हैं जिन्हें प्रमुख रूप से तथा बड़े पैमाने पर ढोकर रेलवे आय अर्जित करेगी;

(ग) क्या यह सच है कि रेलवे द्वारा ढोई जाने वाली इन मदों की मात्रा वर्ष 1997-98 की तुलना में वर्ष 1998-99 में कम हुई है; और

(घ) यदि हां, तो किन-किन मदों की ढुलाई में कमी आई है और यह कमी कितनी-कितनी है तथा इस कमी के क्या कारण है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम नाईक): (क) और (ख) रेलों द्वारा ढोए जाने वाले सामान की प्रमुख मदें कोयला इस्पात संयंत्रों के लिए कच्ची सामग्री, लोहा और इस्पात, निर्यात हेतु लोह अयस्क, सीमेंट, खाद्यान्न, उर्वरक तथा पेट्रोलियम उत्पाद हैं।

(ग) और (घ) 1997-98 और 1998-99 के दौरान ढोए गए सामान के तुलनात्मक आंकड़े निम्नानुसार हैं:—